देश में RPSC प्रथम, सबसे ज्यादा कराए ऑनलाइन एग्जाम

अजमेर।
राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष ललित के. पंवार ने राज्यपाल कल्याण सिंह से से मुलाकात कर आयोग के नवाचार की जानकारी दी। पंवार ने बताया कि उनके 11 महीने के कार्यकाल में ऑनलाइन परीक्षाओं के आयोजन पर जोर दिया गया है, अब तक 119 ऑनलाइन परीक्षाओं के आयोजन कराकर आरपीएससी देश में सबसे आगे है। आयोग के अध्यक्ष पंवार ने राजभवन मलें राज्यपाल से मुलाकात कर आयोग में किए जा रहे नवाचार और उसकी प्रगति की जानकारी दी।

आयोग विभिन्न परीक्षाओं को ऑन लाइन करवा कर र्निधारित समय पर परिणाम जारी कर रहा है। आयोग ने एक जनवरी को र्वष 2016 की विभिन्न परीक्षाओं के आयोजन का कलैण्डर जारी कर दिया है। उन्होंने राज्यपाल को बताया कि आयोग ने प्रश्न-पत्रों के आउट और नकल जैसी समस्याओं का पुख्ता हल निकाल लिया है। अब आयोग परीक्षा केन्द्रो पर जैमर लगाकर ऑन लाइन परीक्षाएं कराई जा रही है, मार्र्किंग भी ऑन स्क्रीन की जा रही है।